हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026

06 अनाज में छुपाकर हो रहा था काला कारोबार...



07 परशुराम जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं ने निकाली...





## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में कक्षा 11वीं प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर द्वारा सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं (हिंदी माध्यम) में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया की घोषणा कर दी गई है । प्रवेश के इच्छुक जनजातीय छात्राओं के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन प्रक्रिया 18 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगी। निर्धारित तिथि के भीतर ही सभी आवेदनों को जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र में छात्रा से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ जैसे नाम, माता-पिता/अभिभावक का नाम, जन्मतिथि, जाति (प्रमाण पत्र सहित), वर्तमान विद्यालय, पता, पारिवारिक आय, आधार नंबर तथा समग्र आईडी आदि भरना अनिवार्य है । इसके साथ ही अभिभावकों का मोबाइल नंबर भी आधार से लिंक होना चाहिए। आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा इसे विद्यालय से सीधे भी प्राप्त किया जा सकता है ।

### कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड की द्वितीय अवसर परीक्षा के आवेदन प्रारंभ

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की द्वितीय अवसर हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी परीक्षा 7 मई से प्रारंभ होगी और 25 मई को समाप्त होगी। मुख्य परीक्षा में जो विद्यार्थी किसी कारणवश उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, वे द्वितीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले पात्र छात्र एमपी ऑनलाइन के कियोस्क पर 15 से 22 अप्रैल तक मुख्य परीक्षाफल के आधार पर द्वितीय परीक्षा के विषय अनुक्रमांको की जानकारी देकर निर्धारित शुल्क का भुगतान कर आवेदन कर सकते हैं।

### आक्रोशित होकर समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में थाने पहुंचे, शादियों के सीजन में माता मंदिर नहीं पहुंच पाते लोग

# डोहर समाज की चेतावनी, मंदिर के लिए रास्ता नहीं मिला तो अपना लेंगे बौद्ध धर्म

समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है, जिसमें माता पूजन की अनिवार्य परंपरा होती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के वार्ड नंबर 14 स्थित डोहर मोहल्ले में उस समय हडक़ंप मच गया, जब अपनी कुलदेवी के मंदिर का रास्ता रोके जाने से नाराज सैकड़ों लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि डोहर समाज ने दो टूक शब्दों में सामूहिक धर्म परिवर्तन करने और बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की चेतावनी दे डाली। मामला बएता देख पुलिस ने मुस्तैदी दिखाई और रात में ही रास्ते से निर्माण सामग्री हटवाकर मार्ग बहाल कराया।

जानकारी के अनुसार विवाद की मुख्य जड़ मंदिर के प्रवेश द्वार पर डाली गई निर्माण सामग्री बनी। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है, जिसमें माता पूजन की अनिवार्य परंपरा होती है। आरोप है कि कुछ रसूखदार लोगों ने जानबूझकर मंदिर के मुख्य मार्ग पर गिट्टी और निर्माण सामग्री डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। जब श्रद्धालु वहां पहुंचे तो उन्हें मंदिर जाने से रोका गया और पूजा में व्यवधान डाला गया। इसी बात से आक्रोशित होकर समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में थाने पहुंचे।



#### पुलिस ने तुरंत हटवाई निर्माण सामग्री

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सीएसपी अभिनंदना शर्मा तुरंत सक्रिय हुईं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि ऋतिक और राकेश राठौर नामक व्यक्तियों द्वारा अपने मकान निर्माण के लिए सडक़ पर गिट्टी डलवाई गई थी, जिससे रास्ता पूरी तरह बंद हो गया था। पुलिस ने रात में ही जेसीबी और मजदूरों की मदद से गिट्टी हटवाकर रास्ता साफ कराया। सीएसपी डॉ. अभिनंदना शर्मा ने बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। फिलहाल मौके से अवरोध हटा दिया गया है और रास्ता साफ है। विवाद को स्थाई रूप से सुलझाने के लिए राजस्व विभाग की मदद से सीमांकन कराया जाएगा।

#### बौद्ध धर्म अपनाने की कही बात

थाने के बाहर प्रदर्शन करते हुए डोहर समाज के लोगों ने प्रशासन को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि उनके मंदिर के रास्ते को स्थाई रूप से अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया और उन्हें प्रताड़ित करना बंद नहीं हुआ तो पूरा समाज हिंदू धर्म त्याग कर बौद्ध धर्म अपना लेगा। साथ ही उन्होंने ऐलान किया कि उस स्थान पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी भोपाल पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य कर्मचारी संघ जिला आगर तथा तहसील स्तर पर कर्मचारी संघ के निर्वाचन सम्पन्न होने के बाद नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अनिल सोनी के नेतृत्व में जिले के अन्य कर्मचारी राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश कार्यालय पर पहुंचे जहां उनके द्वारा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र सिंह ठाकुर का स्वागत कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर नलखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश नागर, राजेन्द्र गुर्जर (शिक्षक) तथा मनोहर सेन ( निर्वाचन प्रभारी तहसील कार्यालय) के साथ अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित थे।



#### संगठन की मजबूती पर भी हुई चर्चा

मुलाकात के दौरान औपचारिक चर्चा में प्रदेश महामंत्री ने आगर मालवा में शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न होने पर हर्ष जताया। इस दौरान संगठन की आगामी कार्ययोजना, सदस्यता अभियान और कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। ठाकुर ने पदाधिकारियों को पूर्ण निष्ठा के साथ कर्मचारी कल्याण हेतु कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## 27 अप्रैल को कृषि आदान व्यापारियों के देशव्यापी बंद के समर्थन में नगर में भी बंद रहेंगी दुकान

**नलखेड़ा।** देश के खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर आगामी 27 अप्रैल को देश के समस्त खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। स्थानीय व्यापारी भी हड़ताल के समर्थन में हड़ताल पर रहेंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनमोहन कलन्त्री ने बताया कि खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लगातार राज्य एवं केंद्र सरकार के सामने उठाए जाने के बाद भी निराकरण नहीं किए जाने के विरोध में महाराष्ट्र राज्य संगठन द्वारा 27 अप्रैल से अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान किया गया है। उसके समर्थन में देश के सभी राज्यों में खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय रघुवंशी ने बताया कि जिन मुद्दो को लेकर यह सांकेतिक हड़ताल की जा रही है उनमें प्रमुख रूप से उर्वरकों में डीलर मार्जिन को डेढ़ प्रतिशत से बढ़ाकर कम से कम 8 प्रतिशत किया जाना, भारत सरकार की नीति के अनुसार रिटेलर के गोदाम तक एफओआर उर्वरकों की पहुंच उपलब्ध करवाना, खाद बीज एवं कीटनाशक के सैंपल फेल होने पर निर्माता एवं उत्पादक कंपनियों पर कार्रवाई करना एवं व्यापारी को गवाह के रूप में प्रस्तुत करना, साथी पोर्टल के माध्यम से लागू की जाने वाली बीज विक्रय योजना को उत्पादक कंपनियां तक ही सीमित रखना, निर्माता कंपनियों द्वारा उर्वरकों के साथ की जा रही अन्य उत्पादों की जबरन टैगिंग को पूर्ण रूप से बंद करना, देश में लागू की जा रही ई टोकन प्रणाली को स्थगित करना आदि अनेक मुद्दों पर लगातार संवाद किए जाने के बाद भी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण उपरोक्त एक दिवसीय हड़ताल अभी सांकेतिक रूप से की जा रही है जिसमें प्रधानमंत्री के नाम प्रत्येक तहसील, विकासखंड एवं जिला स्तर पर बंद करके जुलूस निकाल कर ज्ञापन दिए जाएंगे। यदि एक माह में इन समस्याओं पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो आगामी खरीफ सीजन के पूर्व अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा भी की जा सकती है।

## 8 विद्यार्थी जाएंगे इसरो में विज्ञान मंथन यात्रा पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद द्वारा स्कूली छात्र छात्राओं में प्रदेश के भावी वैज्ञानिकों को तलाशने और उनमे विज्ञान शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने की दृष्टि से विज्ञान मंथन यात्रा का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में आगर मालवा जिले से 8 विद्यार्थियों का चयन 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक होने वाली विज्ञान मंथन यात्रा में किया गया है। जिले से मंथन यात्रा पर जाने वाले सभी आठों विद्यार्थी नलखेड़ा के हैं जिनमें 7 गुरुकुल कान्वेंट स्कूल व एक सांदीपनि विद्यालय का है।

सोमवार को विज्ञान मंथन यात्रा पर जाने वाले छात्र जय पालीवाल पिता कमल पालीवाल, रोहित मालवीय पिता मेहरबान मालवीय, लाक्षिका रावल पिता राकेश रावल, वेदिका पालीवाल पिता जगदीशचंद्र पालीवाल, सौम्या शर्मा पिता रमेशचंद्र शर्मा, पायल खांगुडा पिता रामचंद्र खांगुडा, वीर जैन पिता नाथूलाल जैन, कल्पिता भाटी पिता मंगलेश भाटी है। जिसमें कल्पिता भाटी शासकीय सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा से हैं बाकी अन्य सभी 7 विद्यार्थी गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल से है। इस यात्रा में चयनित होने के लिए सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने वाले विज्ञान शिक्षक शैलेंद्र कसेरा ने बताया कि प्रदेश के छात्रों में लोकप्रिय इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित बच्चों के दल को किताबी ज्ञान से अलग वास्तविक विज्ञान की दुनिया से रूबरू करवाया जाता है। इस 7 दिवसीय यात्रा के लिए पूरे मध्यप्रदेश से विज्ञान विषय के 375 मेधावी छात्र छात्राओं का चयन प्रतियोगिता माध्यम से किया जाता है। जिन्हे प्रदेश के विद्यार्थियो को राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशालाओं एवं शोध संस्थानों के प्रत्यक्ष अवलोकन के साथ विश्व विख्यात वैज्ञानिकों के साथ संवाद का अद्वितीय अवसर प्रदान किया जाता है। यात्रा के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के श्रीहरिकोटा केंद्र में वैज्ञानिक भ्रमण की योजना संभावित हैं।

### इश्योरेंस एम्पलाइज यूनियन के महासम्मेलन में पदाधिकारियों ने जताई चिंता

**सीहोर।** शनिवार को ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्प्लॉइज एसोसिएशन भोपाल डिवीजन का वार्षिक दो दिवसीय महासम्मेलन का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय सम्मेलन के उपलक्ष में कर्मचारियों ने एलआईसी कार्यालय से भोपाल नाका इंग्लिशपुरा रोड कोतवाली चौराहा लीसा टाकिज चौराहा तहसील चौराहा से शकर फेक्ट्री रोड से होकर होते हुए वाहन रैली निकाली। राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन महासचिव सेंटर ऑफ़ इंडियन ट्रेड यूनियंस के प्रदेश महासचिव प्रमोद प्रधान द्वारा किया गया। महासम्मेलन में मुख्य अतिथि रूप में अभा महासचिव श्रीकांत मिश्रा और ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मराज महापात्रा, संयुक्त सचिव पूषण भटटाचार्य, महा सचिव संजय मिश्रा सम्मिलित हुए।

### पिता-पुत्र के विवाद ने लिया खतरनाक रूप, पूरे क्षेत्र में फैल गई दहशत

# बेटे ने की पिता की पीट-पीटकर हत्याः रोते हुए बोली मां- बेटा लंबे समय से कर रहा था परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर के गंज क्षेत्र के कोली मोहल्ले में शुक्रवार रात बेटे ने पिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है।

#### घटना के बाद परिवार में छा गया मातम

कोली मोहल्ले में गंज निवासी सोनू शाक्य का अपने पिता सुभाष शाक्य से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि सोनू शाक्य ने अपने पिता पर हमला कर दिया और उनकी जमकर पिटाई की। इस हमले में सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें परिजन और आसपास के लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।


#### पिता के टोकने पर भड़क जाता था बेटा

मां के अनुसार, यदि पिता उसके देर से घर आने या किसी बात पर सवाल करते थे, तो वह भड़क जाता था। उन्होंने कहा कि पिता को बेटे से सवाल पूछने का पूरा अधिकार था, लेकिन वह हर बार विवाद खड़ा कर देता था। इस घटना के बाद पूरे कोली मोहल्ले में सन्नाटा और दहशत का माहौल है। लोग इस बात से हैरान हैं कि एक बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली।

**पुलिस ने आरोपी बेटे को किया गिरफ्तार :**घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी बेटे सोनू शाक्य को हिरासत में ले लिया। फिलहाल आरोपी से थाने में पूछताछ की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि विवाद किस कारण से शुरू हुआ था। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और आसपास के लोगों के बयान भी लिए जा रहे हैं, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

**मां का दर्दः 10 साल से कर रहा था परेशानः**

मृतक की पत्नी कृष्णा बाई ने बताया कि उनका बेटा लंबे समय से परिवार को परेशान कर रहा था। उन्होंने कहा कि वह करीब 10 साल से घर में विवाद करता आ रहा है और अक्सर झगड़ा करता रहता था। उनका बेटा छोटी-छोटी बातों पर झगड़ा करता था और हमेशा लड़ाई के लिए तैयार रहता था। उन्होंने कहा कि घर में अक्सर तनाव का माहौल बना रहता था।



## खबर संक्षेप

### कमलापुर शासकीय स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक किए हासिल



**बागली।** शासकीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर ने इस वर्ष कक्षा 10वी एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्ट अंक हासिल किए। कक्षा दसवीं में छात्रा ऋषिका प्रजापति ने 95% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही कक्षा 12वीं में वर्तिका प्रजापति ने 87% अंक अर्जित कर प्रथम स्थान हासिल किया है। प्राचार्य अनंत कुमार नागर ने इस सफलता पर प्रसन्नता की और कहा कि यह विद्यालय स्टाफ व बच्चों की मेहनत का परिणाम है।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**देवास।** यादव गवली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सोमवार को संपन्न होगा। केपी कॉलेज में 16 जोड़ों का विधि विधान से विवाह संपन्न होगा। देवास सहित कई आसपास के जिले के वर वधु इसमें शामिल होंगे। सुबह दूल्हा दुल्हन की बनोरी निकाली जाएगी। जिसमें दूल्हा घोड़ी पर और दुल्हन कार में सवार होगी। बनोरी के बाद केपी कॉलेज में पंडित आशीष शर्मा द्वारा विवाह संपन्न कराया जाएगा। पूर्व पार्षद अर्जुन यादव, पार्षद रामदयाल यादव ने बताया कि अक्षय तृतीया पर कार्यक्रम होगा।

देवास वन विभाग की बड़ी कार्रवाई: 35 क्विंटल अवैध गोंद के साथ ट्रक जब्त

# अनाज में छुपाकर हो रहा था काला कारोबार, 15 लाख की वनोपज पकड़ाई

बागली व पुंजापुरा वन परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



जिले में अवैध वनोपज के खिलाफ वन विभाग ने एक बार फिर सख्त तेवर दिखाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बागली व पुंजापुरा वन परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर 35 क्विंटल अवैध गोंद से भरे आयशर वाहन को पकड़ लिया। इस दौरान चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि इस पूरे नेटवर्क के पीछे जुड़े अन्य लोगों की तलाश तेज कर दी गई है। वनमंडलाधिकारी अमित चौहान के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर एसडीओ अंकित जामोद, रेंजर गजानंद बिरला और सत्येंद्र सिंह ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम ने बागली-बरझाई मार्ग पर रणनीतिक तरीके से नाकेबंदी की और संदिग्ध आयशर वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान जो सामने आया, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया। वाहन में बड़ी चालाकी से अनाज की बोरियों के बीच छिपाकर अवैध गोंद भरा गया था, ताकि किसी को शक न हो। लेकिन वन विभाग की मुस्तैदी के आगे तस्करों की यह चालाकी धरी रह गई। मौके से करीब 35 क्विंटल गोंद बरामद किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग 15 लाख रुपए आंकी गई है। गिरफ्तार चालक श्यामु पिता छितु निवासी राततलाई से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वाहन और माल पुंजापुरा निवासी जितेंद्र पिता कैलाश जायसवाल का है। आरोपी के पास परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। वन विभाग ने तत्काल प्रकरण दर्ज कर वाहन (MP13 GA 4877) सहित पूरा माल जब्त कर लिया है और भारतीय वन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### जैव विविधता से खिलवाड़ पर सख्त रुख

एसडीओ अंकित जामोद ने स्पष्ट किया कि देवास वनमंडल के आरक्षित व संरक्षित वनों में सालई और धावड़ा गोंद के संग्रहण पर वर्ष 2026 के लिए पूर्ण प्रतिबंध लागू है। इसके बावजूद अवैध तरीके से गोंद निकालने और परिवहन की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिन पर विभाग अब सख्ती से अंकुश लगा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, गोंद निकालने में रासायनिक पदार्थों और अवैज्ञानिक तरीकों का उपयोग पेड़ों के जीवन चक्र को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इससे न सिर्फ वृक्षों का पुनरुत्पादन प्रभावित होता है, बल्कि लंबे समय में पूरे वन क्षेत्र की जैव विविधता पर संकट गहरा सकता है। यही कारण है कि विभाग ने इस पर पूरी तरह रोक लगाई है।

### पूरे नेटवर्क की तलाश

वन विभाग अब इस मामले को केवल एक वाहन तक सीमित नहीं मान रहा, बल्कि इसके पीछे सक्रिय पूरे गिरोह की जांच में जुट गया है। अधिकारियों का मानना है कि यह संगठित अवैध कारोबार का हिस्सा हो सकता है, जिसमें कई लोग जुड़े हो सकते हैं। आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। इस कार्रवाई में डिप्टी रेंजर सुभाष कोशल, वनरक्षक दिनेश बनेडिया, सलाम शेख, असफाक खान, रामनरेश कलम, दिनेश पाटीदार सहित कई वनकर्मियों ने अहम भूमिका निभाई। वहीं कैलाश मुजाल्दे, सुरपाल वास्केल, विक्रम माली, गिरधारीलाल राठौर और मोहनलाल पंचोनिया का भी सराहनीय सहयोग रहा।

# पुलिस ने 40 दिनों से लापता नाबालिग को सकुशल निकाला ढूंढ

ऑपरेशन मुस्कान बना सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

पुलिस द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान" एक बार फिर सार्थक साबित हुआ। थाना कांटाफोड़ पुलिस ने 40 दिनों से लापता नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बालिका की सुरक्षित वापसी से परिवार में खुशी का माहौल है और उनके चेहरों पर फिर से मुस्कान लौट आई है।

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन में जिलेभर में अपहृत एवं लापता नाबालिगों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बेस के निर्देशन में थाना कांटाफोड़ पुलिस लगातार सक्रिय रही। थाना प्रभारी निरीक्षक के.एस. परस्ते के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। इसी दौरान सूचना मिली कि बालिका जिला धार के पीथमपुर स्थित छत्रछाया कॉलोनी में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 अप्रैल 2026 को मौके पर पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद कर लिया।

बरामदगी के बाद आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। प्रकरण में बालिका के कथनों एवं न्यायालयीन प्रक्रिया के आधार पर आगे की कार्रवाई जारी है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी के.एस. परस्ते, उप निरीक्षक विनय सिंह बघेल (विवेचक), प्रधान आरक्षक अशोक शर्मा, यतीश तिवारी, सचिन चौहान (सायबर सेल) एवं आरक्षक संजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना टोंकखुर्द में आयोजित हुआ विवाह समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जनपद पंचायत टोंकखुर्द द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत मंडी प्रांगण टोंकखुर्द में विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 110 गरीबी रेखा के परिवार की पात्र कन्याओं का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें शासन से निर्धारित राशी रुपए 49000 प्रत्येक कन्या के बैंक खाते में डीबीडी के माध्यम से भेजी गई एवं समस्त वर की बारात टोंक खुर्द में फ्रीगंज चौराहे से मंडी प्रांगण तक डीजे ढोल आदि के साथ निकाली गई। जिसका जगह-जगह पर सभी निवासीयों समाज जनों तथा व्यापारी संगठन ने भव्य स्वागत किया। इस कार्यक्रम में समस्त समाजजन ग्रामीण जन प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए कार्यक्रम संपन्न कराने हेतु 55 वेदी बनाई जाकर विधिवत विवाह संपन्न कराया गया तथा भोजन पानी आदि की व्यवस्था पूर्ण रूप से सुनिश्चित की गई आयोजन में सभी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साह से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल आयोजित किया। कार्यक्रम में विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर ने कार्यक्रम में शासन की योजनाओं का उद्देश्य बताकर सभी वर वधु को आगामी जीवन के लिए शुभ आशीष प्रदान कर उज्जवल भविष्य की कामना की एवं मंडप में जाकर वर वधु से चर्चा कर आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाअटरिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष पोपसिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पाटीदार, जनपद सदस्य गण, जितेंद्र मंडलोई, पार्षदगण नगर पंचायत, राजेश धाकड़,गोपाल कृष्ण व्यास आदि एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, उपसंचालक सामाजिक न्याय जिला देवास आदि रहे मौजूद।

### कलश यात्रा के साथ आरंभ हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह



**भौरासा।** श्री रुद्र यज्ञ, श्री राम कथा एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन रविवार से ग्राम पंचायत काकड़दा में आरंभ हुआ। कार्यक्रम से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम पंचायत काकड़दा में संस्था प्रहलाद श्री एवं ग्रामवासियों के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में धर्मेंद्र पुरी महाराज महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा केवड़ेश्वर आश्रम ओंकारेश्वर एवं जूना खड़ा उज्जैन व महंत श्री अभिराम दास काटकूट आश्रम बड़वाह, ज्योतिष आचार्य पुरुषोत्तम भार्गव महाराज इंदौर, हनुमान भक्त संत बाबूलाल महाराज ग्राम भलाई कला, संत सत्येंद्र शर्मा राधा धाम आश्रम देवास, संत इंदर सिंह नागर की उपस्थिति रहेगी। पांच दिवसीय प्रतिदिन श्री राम कथा हवन यज्ञ पूजन का आयोजन यज्ञ आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी एवं कथा वाचक पूज्य श्री राम जाने ताजपुर उज्जैन वाले के मुखाबिंद से प्रतिदिन संपन्न होगी। यज्ञ से पूर्व स्व. प्रह्लाद सिह नागर स्मृति द्वार का लोकार्पण भी मुख्य अतिथि संतों द्वारा किया गया। आयोजन डॉ. रूप सिंह नागर अध्यक्ष संस्था प्रहलाद श्री एवं सुमेर सिंह नागर संयुक्त सचिव संस्था प्रहलाद श्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत काकडदा के सहयोग से किया जा रहा है।

# सेंट जॉन स्कूल, चापड़ा का परीक्षा परिणाम रहा श्रेष्ठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम में सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल चापड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं में कॉमर्स संकाय से सृष्टि सोनी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षरा मिश्रा ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।

वही जीत राठौर ने 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैथ्स संकाय में कक्षा 12वीं से दृष्टि तंवर ने प्रथम, विशाल पाटीदार ने द्वितीय तथा मानस उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बायोलॉजी संकाय में अलीशा कुरैशी ने प्रथम, भूमिका चौधरी ने द्वितीय तथा परी राजावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 10वीं में भी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। दिव्यम जनोलिया एवं पृथ्वीराज चावड़ा ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। गौतम सोलंकी ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा निवेदिता सेंधव ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय में कक्षा 12वीं में कुल 60 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 30 विद्यार्थी शासन की लैपटॉप योजना से लाभान्वित होंगे, जो विद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# संदीपनि विद्यालय में प्रगणक और पर्यवेक्षकों का जनगणना हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




जनगणना -2027 के प्रथम चरण में मकान सूचिकरण और मकानों की गणना हेतु प्रगणक और पर्यवेक्षको का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सांदीपनि विद्यालय में जिलाधीश ऋतुराज सिंह के निर्देश पर तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवम यादव के मार्गदर्शन तथा चार्ज अधिकारी पीहू कुरील (तहसीलदार ),सीएमओ प्रमोद कुमार बरूआ और जनगणना प्रभारी सोनिका गर्ग के प्रभार में संपन्न हुआ। जनगणना डिजिटल उपकरणों और माध्यमों से संपन्न हो रही हैं। विशेष प्रशिक्षित फ़ील्ड ट्रेनर वारिस अली, लोकेंद्र परिहार तथा अनंत नागर के द्वारा कुल 100 प्रगणकों और पर्यवेक्षको ,को हाउस लिस्टिंग ब्लाक आवंटित कर उन्हें एचएलओ एप का प्रशिक्षण देते हुए आगामी 1 मई से 30 मई तक होने जा रहे मकान सूचिकरण और मकानों की गणना हेतु भारत के महारजिस्टार एवं जनगणना आयुक्त के द्वारा जारी नियम और निर्देश के अनुसार पूछे जाने वाले कुल 34 प्रश्नों के लिए विस्तार से सभी अवधारणाओं को स्पष्ट करते हुए प्रशिक्षण प्रदान किया। जनगणना -2027 का कार्य 1 मई 2026 से प्रारंभ होकर फरवरी - मार्च 2027 तक एक वर्ष में पूर्ण होगा। पहले चरण में मकान सूचिकरण और मकानों की गणना तथा द्वितीय चरण में निवासरत लोगों की गणना संपन्न होगी। सन 1872 से प्रारंभ हुई भारत की दशकीय जनगणना का 150 वर्षों का इतिहास है। इस बार देश की 16 वीं तथा आजादी के बाद 8 वीं जनगणना संपन्न होने जा रही हैं।

अमलतास मेडिकल कॉलेज में चार दिवसीय विशेष ट्रेनिंग वर्कशॉप हुआ आयोजित

# लैब डॉक्टर्स व तकनीशियन ने सीखे गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानक






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अमलतास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा चिकित्सा जांच सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक विशेष चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप 'प्रोग्राम 360 हेल्प' (हेल्थ एजुकेशन एंड लर्निंग प्रोटोकॉल) के अंतर्गत 360 डायग्नोस्टिक एंड हेल्थ सर्विसेज के सहयोग से आयोजित की गई। 15 अप्रैल से प्रारंभ हुई इस कार्यशाला का मुख्य फोकस ISO 15189:2022 मानकों पर रहा। इसका उद्देश्य लैबोरेट्री डॉक्टर्स और तकनीशियनों को अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली और नवीनतम प्रोटोकॉल की जानकारी देकर जांच रिपोर्ट्स की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जतिंदर भाटिया ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, आईएसओ और एनएबीएल मानकों के महत्व और उनके व्यावहारिक उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. भाटिया फिक्की, ब्रिक्स और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़ी हुई हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अमलतास मेडिकल कॉलेज के अलावा एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, मेडिकल कॉलेज खंडवा और इंडेक्स मेडिकल कॉलेज इंदौर के प्रतिभागियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बायोकेमिस्ट्री विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शेख मोहम्मद खालिक (ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन) की प्रमुख भूमिका रही। उनके साथ पैथोलॉजी विभाग की एचओडी डॉ. ममता गुप्ता (ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी) और डॉ. अभिराज रामचंद्रानी ने समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सिंह भदौरिया, अध्यक्ष मयंकराज सिंह भदौरिया, डीन डॉ. ए.के. पिठवा, प्रो-चांसलर डॉ. सलिल भार्गव, रजिस्ट्रार डॉ. अभय गुप्ता और सीओओ डॉ. जगत रावत सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने कहा कि मरीजों के हित और चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए इस तरह की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं का आयोजन आगे भी जारी रहेगा।

# नगर में ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

**भौरासा।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा एवं आस्था के साथ रविवार को मनाया गया। औदुंबर धर्मशाला में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। औदुम्बर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश जोशी परसाई महाराज द्वारा पुष्पमाला पहनकर भगवान परशुराम जी का पूजन-पाठ किया गया एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर परसाई संजय जोशी, ओमप्रकाश चौधरी, कृष्ण चौधरी, राजेंद्र कुमार चौधरी, राम कृष्ण चौधरी,अशोक नागर, नरेश दुबे, संतोष चौधरी, मनोज जोशी, वीरेंद्र कुमार चौधरी, मनोज शुक्ला, सतीश तिवारी, सहित आदि ब्राह्मण समाज के बच्चे, महिला पुरुष समाज जन उपस्थित रहे।

### पलेरा में खुला बड़ा घोटाला, शासकीय संपत्ति पर लोन, बैंक अधिकारी बोले-हमें क्या, बैंक जाने


# सरकारी गोदाम गिरवी, नीलामी जारी एयू बैंक का खेल या संगठित फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जिले में सरकारी संपत्तियों को गिरवी रखकर लोन बांटने का सनसनीखेज खेल सामने आया है, जिसने बैंकिंग सिस्टम और प्रशासनिक निगरानी, दोनों की पोल खोलकर रख दी है। ताजा मामला पलेरा की कृषि उपज मंडी से जुड़ा है, जहां एयू स्माल बैंक ने नियमों को ताक पर रखकर एक शासकीय गोदाम को बंधक बनाकर लाखों का लोन मंजूर करके दे दिया और ज़ब उक्त लोन की किस्त नहीं चुकाई गई तो एयू बैंक द्वारा खुलेआम सरकारी गोदाम की दीवार पर नीलामी का नोटिस चस्पा के उसकी नीलामी के पंपलेट्स तक नगर में बाँट दिए गये है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब मामला उजागर हुआ, तो बैंक के जिम्मेदार कर्मचारी और अधिकारी खुद को बचाते हुए पल्ला झाड़ते नजर आए, एयू बैंक के जिला अधिकारी कह रहे है कि हम तो अभी अधिकारी बने हैं, इसलिये उक्त मामले को लेकर बैंक जाने। अब सवाल है कि अगर समय रहते उक्त मामले को लेकर वृहद जांच नहीं हुई, तो यह फर्जीवाड़ा जिले की कई और सरकारी संपत्तियों को निगल सकता है।




### सरकारी गोदाम पर बैंक का कब्जा, दीवारों पर चस्पा नीलामी नोटिस

पलेरा की कृषि उपज मंडी स्थित गोदाम क्रमांक-6 पर एयू स्माल बैंक ने कब्जा कर उसकी नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बैंक ने 14 लाख 80 हजार रुपये की कीमत तय करते हुए 20 मई को नीलामी की तारीख भी घोषित कर नगर में बाकायदा पंपलेट बांटकर लोगों को नीलामी में भाग लेने का न्योता तक दे दिया है, जैसे कोई निजी संपत्ति बेची जा रही हो, न कि सरकारी।

### जिम्मेदारी से भागते अधिकारी, सवालों से घिरा एयू बैंक

टीकमगढ़ में कलेक्ट्रेट रोड पर एमपीईवी ऑफिस के ठीक सामने स्थित एयू स्माल बैंक के जिला अधिकारी पीवीएम अमित तिवारी से उक्त मामले को लेकर बात की गई तो उन्होंने उक्त मामले से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह लोन तत्कालीन पीवीएम सचिन शर्मा के समय का है, इसलिये इस मामले में एयू स्माल बैंक जाने। मतलब जब जिम्मेदारी तय करने की बात आई, तो बैंक अधिकारी साफ बचते नजर आए।

### हरियाणा से मुंबई तक, एयू स्माल बैंक पर पहले भी उठ चुके सवाल

एयू स्माल बैंक का नाम पहली बार विवादों में नहीं आया है। देश के अन्य राज्यों में भी इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल उठ चुके हैं। हरियाणा फर्जीवाडा 2026 मामले में 47 करोड़ से अधिक के संदिग्ध लेनदेन फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी फंड का दुरुपयोग का मामला सामने आ चुका है जिसमें हरियाणा सरकार ने बैंक को सरकारी पैनल से हटाया और सीबीआई जांच कर कई गिरफ्तारियां की गई, साथ ही कुछ आईएएस अधिकारी भी सस्पेंड हुये। इसके अलावा मुंबई में एयू स्माल बैंक एटीएम में लगातार कैश खत्म रहने पर फइक ने 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### इनका कहना है

यह गंभीर मामला है, इसमें हमने पलेरा तहसीलदार को जांच करने के निर्देश दिए हैं।

विवेक श्रोत्रिय, कलेक्टर टीकमगढ़

### बैंककर्मी का कबूलनामा, मंडी व नपा की अन्य संपत्तियों पर भी लोन

पलेरा मंडी के सरकारी गोदाम पर लोन स्वीकृत कराने की प्रक्रिया में शामिल एयू स्माल बैंक कर्मचारी धीरज साहू के उस चौकाने बाले कबूलनामे बयान ने उक्त मामले को तब और ज्यादा गंभीर बना दिया ज़ब धीरज साहू ने स्वीकार किया कि पलेरा का यह एकमात्र मामला नहीं, बल्कि जिले में ऐसे कई लोन दिए गए हैं, जहां मंडी और नगर पालिका की संपत्तियां गिरवी रखी गई हैं। अगर यह सच है, तो यह सिर्फ एक केस नहीं बल्कि पूरा नेटवर्क आधारित घोटाला हो सकता है।

### फर्जी एनओसी का खेल? मंडी ने किया साफ इनकार

उक्त मामले में मंडी सचिव धर्मेंद्र अहिरवार ने खुलासा यह किया गया है कि उक्त सरकारी गोदाम को बंधक रखकर लोन देने के लिये एयू स्माल बैंक को किसी भी प्रकार की एनओसी अधिकृत रूप से जारी नहीं की गई। जबकि आरोप है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से ऋण लिया गया। आखिर बगैर सत्यापन के एयू स्माल बैंक ने लोन कैसे पास किया?

### लीज की शर्तों की खुली अनदेखी और फर्जी दस्तावेज

पलेरा मंडी सचिव धर्मेंद्र अहिरवार ने बताया कि यह गोदाम वर्ष 2017 से 2047 तक 30 वर्ष के लिए मां गजानन ट्रेडर्स के संचालक भजनलाल राय को लीज पर दिया गया था। जिसका वार्षिक किराया भी तय किया गया था। साथ ही अनुबंध में क्रमांक 05 पर स्पष्ट शर्त रखी गई थी कि उक्त संपत्ति न बेची जा सकती है, न गिरवी रखी जा सकती है। इसके बावजूद फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी गोदाम को एयू स्माल बैंक में बंधक बनाकर लोन लेना और एयू स्माल बैंक द्वारा उसे मंजूर करना, एयू स्माल बैंकके पूरे सिस्टम की मिलीभगत की ओर इशारा करता है।

# परशुराम जन्मोत्सव को लेकर महिलाओं ने निकाली बाइक रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

भगवान परशुराम जन्म महोत्सव को लेकर शहर में आस्था और उत्साह का माहौल चरम पर है। इसी कड़ी में शनिवार शाम ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा निकाली गई बाइक रैली ने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। रैली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर साफा बांधकर बाइक चलाई और पूरे जोश के साथ भागीदारी निभाई, जिससे आयोजन को नया और प्रेरणादायक स्वरूप मिला।

उक्त बाइक रैली की शुरुआत शहर के प्राचीन नजरबाग मंदिर से हुई, जहां से श्रद्धालुओं का जत्था जयघोष के साथ निकला। रैली शहर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होती हुई गांधी चौराहे पहुंची, जहां भगवान परशुराम की महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। पूरे रास्ते श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला और जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया। इस दौरान ब्राह्मण महिला संगठन की अध्यक्ष नीतू द्विवेदी ने बताया कि 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्म महोत्सव के अवसर पर पूरे दिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह 5 बजे महेंद्र सागर तालाब स्थित भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थल पर अभिषेक और पूजन किया जाएगा, साथ ही अग्निहोत्र यज्ञ का आयोजन भी होगा। सुबह से लेकर शाम तक प्रतिमा स्थल पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान चलते रहेंगे। इसके बाद शाम को प्राचीन नजरबाग मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। आयोजन समिति के सदस्य एडवोकेट सौरभ शर्मा के अनुसार, शोभायात्रा नजरबाग मंदिर से प्रारंभ होकर सिंधी धर्मशाला, लोकमान्य चौराहा, नजाई बाजार, कटरा बाजार, पुराना पोस्ट ऑफिस और तालदरवाजा होते हुए महेंद्र सागर तालाब पहुंचेगी। शोभायात्रा के समापन पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर महाआरती की जाएगी और इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है।

### गांव-गांव जाकर महिला पुलिस सुन रही समस्याएं, मौके पर समाधान

# एसपी मंडलोई की नव पहल आंगन तक पहुंची सुरक्षा पुलिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को नई दिशा देने के लिए पुलिस द्वारा एक अभिनव पहल शुरू की गई है, जो अब सीधे घर-आंगन तक पहुंच रही है। मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में महिला पुलिस अधिकारी और कर्मचारी गांव-गांव तथा मोहल्लों में पहुंचकर महिलाओं और युवतियों से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस पहल के तहत महिला पुलिस न केवल सार्वजनिक स्थलों पर, बल्कि महिलाओं के घरों की दहलीज तक पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रही है। महिलाएं अपनी परेशानियों, शिकायतों और जरूरतों को खुलकर साझा कर रही हैं, जिनका मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे महिलाओं में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा का भाव तेजी से बढ़ रहा है। पुलिस द्वारा इस दौरान महिलाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा के उपायों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी जा रही है। साथ ही महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता और समानता से जुड़े विभिन्न अभियानों के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि महिलाएं न केवल सुरक्षित महसूस करें बल्कि अपने अधिकारों के प्रति भी सजग बनें। इसी क्रम में 17 अप्रैल को अस्तोन चौकी क्षेत्र में महिला प्रधान आरक्षक नूरजहां अपनी टीम के साथ गांवों में पहुंचीं। उन्होंने मोहल्लों में महिलाओं और युवतियों को एकत्रित कर उनके आंगन में ही संवाद किया। इस दौरान महिलाओं ने घरेलू समस्याओं से लेकर सुरक्षा से जुड़े मुद्दों तक खुलकर अपनी बात रखी, जिनका समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया गया। इस पहल का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है, जहां पहले महिलाएं अपनी समस्याएं बताने में झिझकती थीं, वहीं अब वे खुलकर पुलिस से संवाद कर रही हैं।

### गांव भेलसी में हड़कंप, परिजनों ने ससुराल पक्ष पर लगाए आरोप

# हत्या या हादसाः कुएं में तैरती मिली मां-बेटे की लाश, जांच जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलसी में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। यहां 28 वर्षीय काशीबाई और उनके दो साल के मासूम बेटे अभिराज के शव गांव के एक कुएं में तैरते हुये संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किए गए।

उक्त सूचना मिलते ही बल्देवगढ़ थाना प्रभारी चंदन शाक्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना के बाद गांव में शोक के साथ-साथ तनावपूर्ण माहौल भी बन गया। मामला उस समय और गंभीर हो गया, जब मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का गंभीर आरोप लगा दिया। मृतका के भाई सुंदर लोधी ने आरोप लगाया कि उनकी बहन और भांजे की बेरहमी से हत्या कर शवों को कुएं में फेंका गया है। उन्होंने बताया कि काशीबाई के चेहरे पर चोट के निशान थे और पति राहुल लोधी सहित ससुराल पक्ष के लोग आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। बताया जा रहा है कि मृतका ने 13 अप्रैल को ही अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अब इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था, लेकिन रात होने और डॉक्टर उपलब्ध न होने के कारण शवों को मर्चुरी में रखवाया गया। शनिवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन सिंह शाक्य, खरगापुर थाना प्रभारी अंबर सिकरवार और एसडीओपी राहुल कटरे मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामला संदिग्ध है और हर पहलू से जांच की जा रही है। एसडीओपी राहुल कटरे ने स्पष्ट किया कि दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं परिजनों का आरोप है कि गुमशुदगी की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है और पूरे मामले की गहनता से जांच जारी है।

### मामूली विवाद पर दो पक्ष भिड़े, घटना सीसीटीवी में कैद

# मुखर्जी चौराहे पर धमासान बंदूक से मची अफरा-तफरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर के नए बस स्टैंड स्थित मुखर्जी चौराहे पर शुक्रवार देर शाम वाहन क्रॉसिंग को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक डॉक्टर सहित कई लोग घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सामने आने के बाद पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कार सवार तीन लोग एक युवक के साथ मारपीट कर रहे हैं। इसके बाद दूसरे पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और दोनों तरफ से हमला शुरू हो गया। इस दौरान हालात इतने बिगड़ गए कि एक पक्ष द्वारा कार से बंदूक निकालने की बात भी सामने आई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को संभालने की कोशिश की और बंदूक छुड़ाने का प्रयास किया। मारपीट में कार सवार डॉ. अभिषेक सोलंकी के सिर में गंभीर चोट आई, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी एमएलसी भी दर्ज कराई गई है।

वहीं दूसरे पक्ष के राजा राय को भी चोटें आईं, जिनका मेडिकल परीक्षण कराया गया। घटना के बाद जिला अस्पताल में देर रात तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जहां दोनों पक्षों के समर्थकों की भीड़ जमा हो गई थी। इधर, मारपीट के बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए, जहां भारी संख्या में लोगों के इकट्ठा होने से स्थिति और संवेदनशील हो गई। पुलिस को हालात काबू में करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। कोतवाली टीआई रवि भूषण पाठक ने बताया कि डॉ. अभिषेक सोलंकी की शिकायत पर 5 से 6 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### 150 लोगों को बांटे चश्मे, मोतियाबिंद मरीजों को भेजा चित्रकूट

# आंखों को नई रोशनी, ग्राम बैरवार में लगा निःशुल्क नेत्र शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के बीच जिले के जतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरवार ग्राम पंचायत में आयोजित निःशुल्क नेत्र शिविर लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया। शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पंचायत भवन में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और उपचार का लाभ उठाया। यह शिविर श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुण्ड चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह और इलाज उपलब्ध कराया।

उक्त शिविर में लगभग 300 से अधिक लोग पहुंचे, जिनमें से 150 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, वहीं 70 मरीजों को आवश्यक दवाएं दी गईं। दूर और पास की नजर कमजोर होने की समस्या से जूझ रहे लोगों को इस पहल से सीधा लाभ मिला। जांच के दौरान जिन मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, उन्हें आगे के उपचार के लिए तत्काल व्यवस्था की गई। 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट धाम भेजा गया, जबकि अन्य 10 मरीजों को भी विशेष इलाज हेतु रेफर किया गया। इन सभी मरीजों को चिकित्सालय की ओर से निःशुल्क वाहन सुविधा उपलब्ध कराई गई, साथ ही ऑपरेशन के बाद उन्हें वापस शिविर स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई। शिविर में पंजीयन के दौरान आधार कार्ड की फोटो कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य रखा गया, जिससे मरीजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जा सके और आगे की चिकित्सा प्रक्रिया में सुविधा हो। इस आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत बैरवार के सरपंच सुरेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आईजी की बैठक में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

# अपराधियों पर शिकंजा कसने चेतावनी के साथ पुलिस को मिली शाबाशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने तथा कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में उच्चस्तरीय अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सागर आईजी मिथिलेश शुक्ला ने की, जिसमें डीआईजी विजय खत्री एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई सहित जिले के समस्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में खास बात ये रही कि एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले में संचालित पुलिस के नवाचारो की सराहना करते हुये सागर आईजी शुक्ला ने जिला पुलिस को शाबाशी दी।

बैठक में जिले की कानून व्यवस्था, अपराधों की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों, वारंटों की तामील और पुलिस की कार्यप्रणाली की बिंदुवार समीक्षा की गई। आईजी शुक्ला ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए और चालानों को समय-सीमा के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने प्रत्येक प्रकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। आईजी शुक्ला ने गुमशुदा व्यक्तियों, विशेष रूप से बच्चों और महिलाओं से जुड़े मामलों को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई कर जल्द से जल्द सुरक्षित दस्तयाबी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने चेताया कि इस प्रकार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विरुद्ध होने वाले अपराधों में विशेष संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुए आईजी शुक्ला ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई हो और पीड़ितों को न्याय दिलाने में कोई देरी न हो। साथ ही खात्मा और खारिजी प्रकरणों के लंबित रहने पर नाराजगी जताते हुए इनके शीघ्र निपटान के निर्देश दिए गए। उक्त समीक्षा बैठक में आईजी शुक्ला ने विशेष अधिनियमों के अंतर्गत सख्त कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने जुआ एक्ट, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य प्रावधानों के तहत लगातार अभियान चलाने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थायी वारंटों की तामील, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और न्यायालय में पेशी को लेकर भी सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आईजी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि लापरवाही या उदासीनता की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी।

बैठक में जनसंवाद को मजबूत बनाने पर भी विशेष बल दिया गया। आईजी ने कहा कि पुलिस का व्यवहार आमजन के प्रति सहज और शालीन होना चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास बढ़े। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, यातायात नियमों और साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता के लिए गांव-गांव तक अभियान चलाए जाएं और लोगों को जागरूक किया जाए। इस दौरान आईजी और डीआईजी ने जिले में पुलिस अधीक्षक द्वारा किए जा रहे नवाचारों और अपराध नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की।

### सीएमएचओ का निलंबन आदेश आज आ सकता है

# सीएमएचओ के अकाउंटेंट बगैर अटेंडेंस के ही मृतका का वेतन निकालते रहे

**गिरफ्तार सीएमएचओ ने लेखापालों की वित्तीय अनियमितताओं की कभी नहीं करवाई जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकायुक्त पुलिस द्वारा 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुई मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने अपने अधीनस्थ लेखापालों पर भी अपना वरदहस्त बनाए रखा था। दूसरे शब्दों में कहें तो विभाग के लेखापालों (अकाउंटेंटों) द्वारा की जा रही गंभीर वित्तीय अनियमितताओं तक की उन्होंने कभी जांच तक नहीं करवाई।

दूसरे शब्दों में कहें तो अकाउंटेंटों द्वारा की जा रही लापरवाहियों और शासन को वित्तीय हानि पहुंचाने वाले कर्मचारी भी डॉ. पटेल के राज में मनमर्जी करते रहे लेकिन उन पर कोई आंच तक नहीं आ पाई। जब विभाग की मुखिया का हाथ ही लेखापालों पर हो तो फिर विभाग में ऑनलाइन, ऑफलाइन टेंडरों, खरीदी, व्यय इत्यादि में कितनी गड़बड़ियां हुई होंगी, इसकी जांच करवाने की मांग आमजनों द्वारा की जा रही है। नरसिंहगढ़ ब्लॉक के एक केंद्र में पदस्थ महिला कर्मचारी की मृत्यु होने के आठ माह बाद तक कार्यालय के अकाउंटेंट बगैर मृतक कर्मचारी के उपस्थिति पत्रक उसकी तनख्वाह उसके खाते में डालते रहे। पूरे मामले की शिकायत भोपाल होने पर विभाग की संयुक्त संचालक भी जांच करने आईं लेकिन पूरा मामला अज्ञात कारणों से अभी तक दबा हुआ है।

## सीएमएचओ ने 50 हजार मांगे, 30 पहले लिए, बाकी 20 लेते रंगेहाथों हुईं गिरफ्तार

### राजगढ़ में भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गई। उक्त कार्यवाही के बाद सीएमएचओ की तबियत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास ही स्थित जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी की उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलोजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन



सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बढ़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई।

### क्या है पूरा मामला

राजगढ़ के नरसिंहगढ़ ब्लॉक के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढाबला में सुमित्राबाई नाम की महिला कर्मचारी कंटिंजेंसी के पद पर पदस्थ थीं। पदस्थापना के दौरान 20 जनवरी 2025 को सुमित्राबाई की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के उपरांत ढाबल ने 3 फरवरी 2025 को नरसिंहगढ़ को लिखित में इस बात की इतला दी। नरसिंहगढ़ ने मृत्यु संबंधी सूचना को राजगढ़ कार्यालय को पहुंचा दिया गया और मृत्यु उपरांत सुनीताबाई का उपस्थिति पत्रक (अटेंडेंस) राजगढ़ को नहीं भेजी गई। इसके बावजूद कार्यालय में पदस्थ तत्कालीन अकाउंटेंट रामगोपाल नरेड़ा, वर्तमान में पदस्थ लेखापाल पारीख द्वारा बगैर सुमित्राबाई की उपस्थिति के उनकी (सुमित्राबाई) तनख्वाह आठ महीनों तक सुमित्राबाई के खाते में क्रेडिट करवाते रहे। इन आठ महीनों में करीब सवा लाख से अधिक की राशि मृतका सुमित्राबाई के खाते में पहुंची।




### कार्यालय के जिम्मेदारों ने दबा दिया था मामला

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के कार्यालय के जिम्मेदारों और स्वयं लेखापालों ने शासन को हुई वित्तीय हानि के मामले को नस्तीबद्ध करने के पूरे प्रयास किए। लेकिन, गड़बड़ी पकड़ में आई जिसके बाद भोपाल संचालनालय में मय सबूतों के पूरे मामले की शिकायत की गई।

### भोपाल से आज आएगा डॉ. पटेल का निलंबन ऑर्डर

बताया जा रहा है कि लोकायुक्त के हत्थे चढ़ीं डॉ. पटेल का निलंबन आदेश 20 अप्रैल को भोपाल स्तर से जारी होगा। शनिवार एवं रविवार के अवकाश के चलते डॉ. पटेल के सस्पेंशन आदेश जारी नहीं हो सके थे।

### 13 अप्रैल को गोली मारकर की गई थी हत्या

# रामबाबू की हत्या का दूसरा आरोपी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

करीब एक हफ्ते पहले क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर एवं पत्थर से सिर कुचलकर की गई युवक रामबाबू गुर्जर की जघन्य हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। ळक मंजू मखनिया के नेतृत्व में मृतक रामबाबू के दूसरे हत्यारे होकम पिता प्यारजी गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी भगवतीपुरा को भी गिरफ्त में ले लिया गया है। आपको बता दें कि हत्या के इस सनसनीखेज मामले में मुख्य आरोपी मृतक के ताऊजी के लड़के विशाल पिता करणसिंह गुर्जर को पूर्व में ही पुलिस द्वारा पकड़ा जा चुका है। मखनिया ने बताया कि दूसरे आरोपी होकम गुर्जर की पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। होकम को राजस्थान के मनोहरथाना से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों की (पुलिस रिमांड) ली जाकर उनसे हत्या में प्रयुक्त अवैध पिस्टल बरामद कर ली गई है।

### हत्या के बाद से ही गांव में तैनात थी पुलिस

उल्लेखनीय है कि हत्या के बाद से ही पुलिस की अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पिस्टल और पत्थर से सिर कुचलकर की गई हत्या का यह मामला आमजनों की जुबां पर बना हुआ था। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी में सब-इंस्पेक्टर सुभाष द्विवेदी, राजेंद्र मीणा, रामदीन धाकड़, चंदन, सतीश भिलाला, बाबूलाल लोधी, मोईन अंसारी, नरेंद्र शर्मा, शक्तिसिंह, ललित तोमर, विवेक पाटिल, साहब सिंह, साइबर सेल प्रभारी जितेंद्र अजनाने की अहम भूमिका रही।

## कलेक्टर ने महर्षि स्कूल के छात्र शिवम गिरी का सम्मान किया

**जीरापुर।** स्थानीय महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के कक्षा 12वीं मैथ्स के छात्र शिवम गिरी का जिलाधीश गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। शिवम गिरी महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल का छात्र जिसने बोर्ड परीक्षा कक्षा 12वीं में जिले कि मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र शिवम गिरी ने बताया कि उसकी पढ़ाई बिना किसी कोचिंग के घर पर रहकर ही अध्ययन किया जिसमें परिवार एवं विधालय शिक्षकों द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक कार्य में प्रेरित किया गया है। सभी विषय शिक्षकों के द्वारा बताए नोट्स बनाए और भरोसा जताकर अध्ययन किया विद्यालय परिवार एवं संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, प्राचार्य दिनेश गुर्जर, संचालक शिव दांगी द्वारा छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# मधुकुंज अकादमी खुजनेर ने बोर्ड परीक्षा में लगातार बाजी मारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया



सबा मंसूरी क्लास 10th 95.20%
ज्योति राठौर 12th कॉमर्स 91.40%
मनीष तोमर 12th साइंस 88.80%

मधुकुंज अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुजनेर ने एक बार फिर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल कर खुजनेर नगर में अपना वर्चस्व साबित किया है। कई वर्षों से अकादमी के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके लगातार बाजी मार रहे हैं। अकादमी के डायरेक्टर शैलेंद्र नागर एवं प्रिंसिपल भावना नागर ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। शैलेंद्र नागर ने कहा, कई वर्षों से मधुकुंज अकादमी के विद्यार्थी खुजनेर नगर में बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। यह निरंतर सफलता हमारे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट सहयोग का परिणाम है। हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही बेहतरीन परिणाम देने के लिए प्रयासरत रहेंगे। हम सभी टॉपर्स के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक कामना करते हैं।

### कक्षा 10वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

सबा मंसूरी पिताः मुबारिक मंसूरी 95.2%
वंदना नागर पिताः गिरिराज नागर 95%
संध्या अहिरवार पिताः रामबाबू अहिरवार 92.4%

### कक्षा 12वीं के टॉप-3 विद्यार्थी

ज्योति राठौड़ पिताः ईश्वर सिंह राठौड़ 91.4%
मनीष तोमर पिताः संजय सिंह तोमर 88.8%
कल्पना नागर पिताः गुलाब चंद नागर 87.8%

## न्यायाधीशों का विदाई समारोह आयोजित, भावपूर्ण माहौल में दी गई विदाई



**सारंगपुर।** अभिभाषक संघ सारंगपुर द्वारा स्थानांतरित हुए न्यायाधीशों के सम्मान में विगत दिवस न्यायालय परिसर में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानांतरित हुए न्यायाधीश राहुल सिंह, चित्रेंद सिंह सोलंकी एवं श्रीमती पल्लवी बंसल को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष पी.एस. मंडलोई ने की। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने न्यायाधीशों का पुष्पमाला पहनाकर एवं गुलदस्ते भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावुक एवं सम्मानपूर्ण बना रहा। अपने संबोधन में न्यायाधीशों ने सारंगपुर में बिताए गए समय को याद करते हुए कहा कि यहां के अधिवक्ताओं का कार्य व्यवहार अत्यंत सराहनीय रहा है।

### दीनदयाल रसोई योजना कागजों तक सीमित

# गरीबों को नहीं पता कहां मिलता 5 रु. में भरपेट भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासन की महत्वाकांक्षी दीनदयाल रसोई योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को मात्र 5 रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है, लेकिन सारंगपुर में यह योजना अपनी मूल भावना से भटकती नजर आ रही है। पिछले करीब तीन महीनों तक बंद रहने के बाद अब योजना को स्थान परिवर्तन करते हुए सिविल अस्पताल की दूसरी मंजिल पर शुरू किया गया है, परंतु इसका लाभ वास्तविक पात्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है। जानकारी के अनुसार योजना पहले नगर पालिका द्वारा अंबेडकर पार्क में संचालित की जा रही थी जहां अनियमितताओं के चलते जांच के बाद टेंडर निरस्त कर दिया गया और संचालन बंद हो गया। इसके बाद नए सिरे से टेंडर जारी किए गए, लेकिन लंबे समय तक योजना फिर भी शुरू नहीं हो सकी। अब जब इसे दोबारा प्रारंभ किया गया है, तो यह केवल कागजों में संचालित होती प्रतीत हो रही है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि योजना के स्थान और संचालन की जानकारी आम गरीब और मजदूर वर्ग तक पहुंच ही नहीं पाई है। जिस सिविल अस्पताल में इसे शुरू किया गया है, वहां पहले से ही भर्ती मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था उपलब्ध है। ऐसे में उसी स्थान पर इस योजना का संचालन कई सवाल खड़े करता है। इसके अलावा अस्पताल में प्रवेश के लिए 20 की पर्ची कटती है, जिससे मजदूर और गरीब वर्ग के लोगों के लिए 5 के भोजन तक पहुंचना और भी कठिन हो जाता है। योजना का कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया है, न ही कहीं बैनर या पोस्टर लगाए गए हैं, जिससे जरूरतमंदों को इसकी जानकारी मिल सके।लोगों का कहना है कि यदि योजना का सही तरीके से प्रचार-प्रसार और सुगम स्थान पर संचालन नहीं किया गया, तो इसका लाभ पात्र लोगों तक नहीं पहुंच पाएगा। प्रशासन इस ओर ध्यान देकर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी बना पाता है या नहीं।

### बाल-विवाह कुप्रथा के प्रति जागरुक हुआ दांगी समाज

# दांगी समाज के सम्मेलन में 25 नाबालिग जोड़ों का पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 1 मई को खिलचीपुर क्षेत्र के छापीहेड़ा में होने जा रहे दांगी समाज के तहसील स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हेतु समिति ने अहम निर्णय लिया था। इसके तहत सर्वसम्मति से तय किया गया कि सम्मेलन में किसी भी नाबालिग लड़के या लड़की का विवाह नहीं करवाया जाएगा। समिति ने अपने द्वारा लिए गए इस फैसले का कड़ाई से पालन करते हुए करीब 25 से अधिक ऐसे जोड़ों का पंजीयन निरस्त कर दिया है जिनमें वर या वधू दस्तावेजों में नाबालिग पाए गए थे। इसके चलते संबंधित परिवारों के अन्य वयस्क जोड़े भी सम्मेलन से बाहर हो गए क्योंकि या तो वर नाबालिग था या फिर वधू नाबालिग निकली।



अब आयोजन में शामिल होने वाले जोड़ों की संख्या घटकर महज 20-21 रह गई है। समाज के इस कदम से स्पष्ट संदेश गया है कि दांगी समाज अब बाल-विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं करेगा।

### सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रेरणादायक कदम

सम्मेलन समिति के मुख्य व्यवस्थापक एवं दांगी समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बालचंद दांगी ने बताया कि दांगी बाल विवाह रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और आगे भी इस दिशा में सख्त निर्णय लिए जाते रहेंगे। यह निर्णय न केवल एक आयोजन तक सीमित है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में देखा जा रहा है। दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं खिलचीपुर विधायक हजारी लाल दांगी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

भव्य एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठ स्थान पाया। कक्षा दसवीं का 93 % तथा कक्षा 12वीं का 90% परीक्षा परिणाम रहा। विधालय के कक्षा 12 साइंस में 15 में से 8 छात्र-छात्राएं लैपटॉप प्राप्त करेंगे। इसी के साथ कक्षा 10वीं में भव्य मंडलोई 93 प्रतिशत, माही बैरागी 92.4, बलराम सिसोदिया 91.8 ,सूरज चौहान 89.2, आरुषि चौहान 87.4, पंकज दांगी 86.8 ,किरण कुंवर 82.4 ,रविराज पंवार 81.6प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा 12 साइंस में तन्मय मंडलोई 90, साधना कुशवाह 89 ,आरुषि मंडलोई 87.4, निशा सोलंकी 84.4, सिमरन 84.4 ,प्रियांशी गुप्ता 80 अंक अर्जित किये। विधार्थियों की उपलब्धि पर विद्यालय संचालक विष्णु मंडलोई ने कहा कि आपकी मेहनत, लगन और सतत अभ्यास ने सुंदर रूप एवं शैक्षणिक कार्य को जिम्मेदार से करके अच्छी सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्राचार्य स्वामी आचार्य, खेल शिक्षक राम कैलाश दांगी, वरिष्ठ शिक्षक महेश वर्मा शिक्षक समस्त स्टाफ ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की।

### ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में फहराया परचम

**जीरापुर।** जहां शिक्षा के क्षेत्र में अभिभावक अपने बच्चों को शहर एवं निजी महंगें स्कुलों की ओर बढ़ रहे वहीं देखा जाए तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूल में पढ़कर विधार्थी श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम पा रहे हैं। समीपवर्ती ग्राम गागोरनी पी एम श्री स्कूल की नियमित छात्रा कनिका गुप्ता पिता राजेंद्र गुप्ता ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश की प्रवीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उक्त छात्रा ने शासकीय स्कूल में बिना किसी कोचिंग के यह सफलता अर्जित की है। छात्रा ने बताया कि स्कूल के शिक्षक के मार्गदर्शन में प्राप्त की है। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना सुपर 100 ( वर्ष 2026) परीक्षा में कनिका ने तैयारी हेतु प्रदेश में छटा स्थान हेतु प्रदेश में 11 वा स्थान प्राप्त किया है । साथ ही कनिका ने इस वर्ष आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में जिले में प्रथम और संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। छात्र सोमेश दुबे ने कक्षा 12वीं में 92.2 प्रतिशत हासिल कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्रस्तुत किया है।

### सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे चालू रहें

# 15 करोड़ की डकैती के बाद राजगढ़ में सभी बैंकर्स की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत 17 अप्रैल शुक्रवार दोपहर प्रदेश के सिंगरौली स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिनदहाड़े अज्ञात बदमाश नकदी एवं सोना सहित करीब 15 करोड़ का माल ले उड़े थे। इसे उक्त घटना से जोड़कर देखा जाए या संयोग कि वारदात के अगले दिवस प्रशासन एवं पुलिस द्वारा शनिवार को सभी बैंकर्स की बैठक आयोजित कर शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि जिले की सभी बैंक शाखाओं एवं एटीएम बूथों में सीसीटीवी कैमरे सतत रूप से चालू अवस्था में रहें तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

सभी बैंकर्स को तल्ख रूप से कहा गया कि सभी स्थानों पर अलार्म सिस्टम सक्रिय एवं कार्यशील स्थिति में होना अनिवार्य है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं एसपी अमित तोलानी की उपस्थिति में हुई बैठक में बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाओं में सुरक्षा गार्ड की अनिवार्य रूप से नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। बैंकों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों एवं वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन भी अनिवार्य रूप से कराया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी जोखिम को रोका जा सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी बैंक प्रबंधक अपने सीयूजी नंबर पुलिस कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराएं तथा प्रत्येक शाखा में संबंधित थाना प्रभारी एवं एसडीएम के संपर्क नंबर प्रदर्शित रखें, जिससे आपात स्थिति में त्वरित समन्वय स्थापित किया जा सके।

### सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करें

कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक तोलानी ने कहा कि बैंकिंग संस्थान आमजन की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र हैं, अतः उनकी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी बैंक अधिकारी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर सहित जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

## शांत और अधिक अनुशासित थीमैटिक निवेश के लिए फंड-ऑफ-फंड्स रणनीति

**इंदौर।** इतिहास गवाह है कि भावनाओं से प्रेरित होकर क्षेत्र में निवेश करना अक्सर विफल रहता है। 1999-2000 में, आईटी क्षेत्र में एक वर्ष में लगभग 740 फीसदी की तेजी आई, फिर लगभग 65 फीसदी की गिरावट आई। 2014-2018 के दौरान, फार्मा फंड के एयूएम में 69 फीसदी की वृद्धि हुई, इससे पहले कि निफ्टी फार्मा इंडेक्स ने तीन वर्षों में -12 फीसदी सीएजीआर दिया। 2013 में, टेपर टैंट्रम के दौरान डर के कारण कई लोग मजबूत निर्यात-ओरिएंटेड थीम को नजरअंदाज कर गए, जिसने मुद्रा और चालू खाता दबावों के कारण अच्छा प्रदर्शन किया, जिसने अन्य सभी को किनारे पर रखा था। ये उदाहरण दिखाते हैं कि कैसे लालच निवेशकों को बहुत देर से निवेश करने के लिए प्रेरित कर सकता है और डर उन्हें तब निवेश करने से रोक सकता है जब उन्हें निवेश करना चाहिए।



कृष्णकुमार साहू
साहू इन्वेस्टमेंट्स, इंदौर

एक फंड-ऑफ-फंड्स स्ट्रक्चर के भीतर काम करने वाली सेक्टोरल और थीमैटिक रोटेशन रणनीति इस स्थिति से अलग तरीके से निपटने के लिए डिजाइन की गई है। किन थीमों में निवेश करना है, यह पहचानने की प्रक्रिया मैक्रो संकेतकों - जीडीपी ग्रोथ, राजकोषीय घाटा, चालू खाता बैलेंस, कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रा की चाल - से शुरू होती है, जो यह संकेत देते हैं कि कौन से सेक्टर मौजूदा आर्थिक वातावरण से लाभान्वित हो सकते हैं। इसका विश्लेषण मूल्यांकन के आधार पर किया जाता हैः किसी सेक्टर की स्थिति उसके अपने इतिहास और व्यापक बाजार के मुकाबले कैसी है? इन दोनों स्तरों पर विचार करने के बाद ही अंतिम आवंटन तय किए जाते हैं।

यह दृष्टिकोण केवल गति के पीछे भागने से बचता है। यह रणनीति किसी विशेष थीम से लाभ उठाने के लिए एकाग्रता और अत्यधिक जोखिम को सीमित करने के लिए पर्याप्त प्रसार के बीच संतुलन बनाए रखती है। योजना के भीतर ही नए थीम्स में निवेश करना और बाहर निकलना संभव है। एफओएफ निवेशकों के लिए, आंतरिक बदलाव नए कर संबंधी मामले नहीं हैं, और 24 महीनों से अधिक समय तक रखे गए लाभ पर 12.5 फीसदी लॉन्गटर्म कैपिटल लाभ कर लगता है।

निवेशकों के लिए, ऐसा ही एक विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) है। 1 अप्रैल, 2026 से, यह फंड 65-80 फीसदी इक्विटी (मिड और स्मॉल कैप में सेक्टोरल, थीमैटिक और मार्केट-कैप के अवसर) और डेट में 20-35 फीसदी निवेश करेगा, जो कि फरवरी 2025 में एएमएफआई के माध्यम से पेश किए गए एफओएफ के लिए सेबी के नए फ्रेमवर्क के अनुरूप है। फंड की संशोधित संरचना मजबूत डेट कम्पोनेंट के साथ-साथ मिड और स्मॉल कैप अवसरों के लिए रणनीतिक आवंटन को सक्षम बनाती है। इससे ग्रोथ के अलग-अलग सेक्टर्स में ज्यादा असरदार तरीके से हिस्सा लेना मुमकिन हो पाता है, और साथ ही यह एक ऐसा स्थिर आधार भी देता है जो बाजार के अनिश्चित दौर में उतार-चढ़ाव को संभालने में मदद करता है।

दिसंबर 2003 में लॉन्च किए गए इस फंड ने वेल्थ क्रिएशन के मामले में लॉन्ग-टर्म में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।